हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 29 जून 2025

04 सरकारी अस्पताल में रात्रि में लाइट जाने के ...



07 भगवान नेमिनाथ जी के मोक्ष कल्याण पर श्रावक...





## खबर संक्षेप

### पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए बैठक आज

**विदिशा।** श्रावण मास में होने वाले पार्थिव शिवलिंग निर्माण के भव्य आयोजन की तैयारियों के लिए आज रविवार की शाम 5 बजे विनायक वैंक्यट हाल में बैठक होगी। पार्थव शिवलिंग निर्माण का सप्तदिवसीय आयोजन श्रावण मास में 13 जुलाई से 19 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान कथावाचक संतोष शास्त्री का संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन भी होगा।

### एम पीट्रांसको में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू

**विदिशा।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (एमपी ट्रांसको) द्वारा कनिष्ठ अभियंता (पारेषण-प्रशिक्षु) एवं लाइन परिचारक (प्रशिक्षु)-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से एमपी ट्रांसको मुख्यालय, शक्तिभवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन एवं प्रशासन) कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियां एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं, जो दस्तावेजों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। इन दस्तावेजों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

### नाट्य मंचन से दिया नशामुक्ति का संदेश

**विदिशा।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरईपुरा में विश्व नशा निरोधक दिवस पर प्रेरणादायक नाटिका का मंचन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना रहा। मुख्य अतिथि राकेश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त प्राचार्य बलवीर सिंह तोमर रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। प्रभारी प्राचार्य बलराम चौधरी ने आभार जताया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### धरती आबा में डेढ़ हजार से अधिक हुए लाभान्वित

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। 25 जून तक जिले में 61 शिविर आयोजित किए गए। इनमें 1,572 हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला। शिविरों में 356 आधार कार्ड बनाए गए। 385 जाति प्रमाण पत्र जारी हुए। 71 समग्र आईडी दी गईं। 295 लोगों को आयुष्मान कार्ड मिले। 110 राशन कार्ड बनाए गए। 105 हितग्राहियों को उज्जवला योजना का लाभ मिला। 23 लोगों का चयन पीएम ग्रामीण आवास योजना के लिए हुआ। अभियान का लक्ष्य जिले के 86 जनजातीय ग्रामों के 2,901 परिवारों तक पहुंचना है। इन परिवारों की कुल जनसंख्या 13,084 है।

### मुखिया जी की धर्मपत्नी का निधन

**विदिशा।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर नंदवाना के पुजारी एवं सहकारीबैंक से सेवानिवृत्त मनमोहन शर्मा मुखिया की धर्मपत्नी एवं देवेंद्र शर्मा एवं नवीन शर्मा की माताजी श्रीमती आशा शर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की दोपहर 2 बजे निज निवास स्वर्णकार कॉलोनी से निकाली गई। बेतवा तट स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

---

### कोठा बैराज सहित पेयजल योजनाओं का कर सकते हैं लोकार्पण

सीएम डॉ मोहन यादव का जुलाई माह में हो सकता है तीसरा दौरा

# सीएम मोहन यादव के कुरवाई दौरे की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

### सीएम के दौरा कार्यक्रम की समीक्षा करने कलेक्टर ने कुरवाई पहुंचकर की बैठक, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कुरवाई विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई में समीक्षा बैठक की।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य उपस्थित रहें इसके लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किये जाएं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया जाना है उन कार्यों की सूची तैयार की जाए। कार्यक्रम स्तर पर हितग्राहियों को हित लाभ वितरण के लिए विभागवार हितग्राही का चयन किया जाए। कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए किए जाने वाले प्रमुख प्रबंध तथा वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यानगत रखते हुए संपूर्ण पंडाल वाटर प्रूफ बनाया जाएगा। मध्यप्रदेश माध्यम भोपाल से आए प्रतिनिधि ने जानकारियां साझा करते हुए विस्तृत प्रदर्शनी लगाने की रूपरेखा से अवगत कराया है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी विभागीय कार्यों हेतु किए जाने वाले प्रबंधों की जानकारियां दी गईं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभिन्न विभागों को आयोजन सभास्थल पर प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। अब तक विभागवार की गई तैयारियों पर चर्चा हुई। एडीएम अनिल कुमार डामोर ने सीएम की गरिमा अनुसार सभी कार्य समय पर कराने के निर्देश दिए। एसडीएम कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी तथा खंडस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

#### घटिया निर्माण पर नाराज, मंगलवार को डीएम करेंगे जनसुनवाई

विधायक हरि सिंह सप्रे की उपस्थिति में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने हेलीपैड, नवीन तहसील भवन, सीएम राइज स्कूल, कार्यक्रम स्थल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवीन तहसील भवन एवं सीएम राइज स्कूल के घटिया निर्माण पर नाराजगी व्यक्त की। कार्यक्रम के पूर्व कार्यों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश। बरसात के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल आदि पर विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम की तारीख तय की जाएगी।



जिससे कार्यक्रम में शामिल होने वालों को किसी तरह परेशानी न हो। कलेक्टर ने बताया 2 जुलाई मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम कुरवाई तहसील कार्यालय पर होगी।

#### हेलीपेड स्थल का किया निरीक्षण

हेलीपैड स्थल का जायजा मुख्यमंत्री के प्रवास को ध्यानगत रखते हुए कुरवाई के रूसिया गांव में बनाए गए हेलीपैड स्थल का जायजा कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने लिया है। उन्होंने संयुक्त रूप से हेलीपैड स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग के बीच में स्वागत द्वार सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर निर्णय लिए हैं। पत्रकारों से चर्चा के दौरान कुरवाई नगर परिषद की खराब वित्तीय स्थिति नगर पालिका में स्थाई कर्मचारी की कमी पर कलेक्टर ने तत्काल बात की। मुख्यमंत्री मोहन यादव के कुरवाई तहसील में प्रथम कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए विधायक हरिसिंह सप्रे ने कलेक्टर को आश्वस्त करते हुए कहा पूर्व में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम कुरवाई में ऐतिहासिक रूप से सफल रहे हैं।

---

### जिला अभिभाषक संघ का चुनाव संपन्न

# अभिभाषक संघ त्रिकोणीय चुनाव में एडवोकेट संतोष शर्मा बने अध्यक्ष



**विदिशा।** निर्वाचन संपन्न होने के बाद एक दूसरे को बधाई देते हुए अभिभाषकगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला अभिभाषक संघ विदिशा के अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए शनिवार को हुए मतदान की गणना के बाद एडवोकेट संतोष शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के लिए खिलान सिंह रघुवंशी और धूप सिंह तोमर भी मैदान में थे। इस त्रिकोणीय मुकाबले के लिए हुई वोटिंग के बाद यह परिणाम घोषित किये गये।

अभिभाषक संघ के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी का दायित्व संभालने वाले एडवोकेट अजय कन्हेरकर और धर्मेन्द्र सेंगर के अनुसार सचिव के लिए राजेंद्र सिंह दांगी निर्वाचित हुए। सह सचिव पद के लिए कौशल किशोर मांझी और वाचनालय सचिव पद के लिए मनीष शर्मा (उदासी) विजयी घोषित किये गये। इनके पहले उपाध्यक्ष पद के लिए दीपक वाजपेयी और कोषाध्यक्ष जयनारायण सक्सेना पहले ही निर्विरोध घोषित हो चुके हैं। इनके साथ ही कनिष्ठ कार्यकारिणी में मोहन सिंह जाट, दीपक कुमार श्रीवास्तव, राजनारायण यादव, संतोष सिंह तोमर, मनु श्रीवास्तव, प्रकाशचंद सूर्यवंशी निर्विरोध निर्वाचित हो गये थे।

कनिष्ठ कार्यकारिणी के चार पदों के लिए देवेंद्र कुमार सक्सेना, विनोद दांगी, तरुण चावरिया और आरती अहिरवार भी पहले ही निर्विरोध घोषित हो गये थे। जिला अभिभाषक संघ के इस प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में अभिभाषकगणों की अलग-अलग लॉबी सक्रिय रहती है। जिसमें वरिष्ठ एडवोकेट की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। हालांकि निर्विरोध कराने का भी प्रयास हुआ था। जिससे कुछ पद निर्विरोध निर्वाचित होने में सफल रहे।

---

### विहिप का 2 दिवसीय अभ्यास वर्ग शुरू

**कुरवाई।** वर्ष 1624 में लगाया गया संगठन का पौधा आज वटवृक्ष बन गया है। जिसकी शाखाएं देश विदेश तक फैली हुई हैं। यह हिंदुओं का सबसे बड़ा कार्यरत संगठन है। यह बात सह मंत्री मलखान सिंह ठाकुर ने शनिवार को आयोजित विहिप के जिला अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम में कही। आगे उन्होंने विहिप के 60 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद ने अपनी स्थापना के साथ ही सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया और सबको एक सूत्र में पिरोने का काम किया भी किया है।

# लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाकर टक्कर मारने वाले को 6 माह के कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर घायल करने वाले जीवन अहिरवार निवासी- जतरापुरा विदिशा को 6 माह कारावास और 2500 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

उक्त प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सपना दुबे द्वारा की गई। फरियादी 27 अक्टूबर 2016 को वह एक परिचित व्यक्ति (अविनाश) के साथ उसकी मोटरसाईकिल से चौपड़ा से मुखर्जीनगर होते हुए जा रहे थे।

मोटरसाईकिल अविनाश चला रहा था कि जैसे ही कमधेनू गार्डन के सामने पहुंचे तो ईदगाह तरफ से एक मोटरसाईकिल क्रमांक एम.पी.40-एम.एल.-4951 के चालक ने अपनी मोटरसाईकिल तेजी व लापरवाही से चलाकर आया और हमारी मोटरसाईकिल में रांग साईड से आकर टक्कर मार दी। इस दौरान अविनाश के दाहिने पैर में चोट आई थी।

मोटरसाईकिल चलाने वाले का नाम पूछा तो उसने अपना नाम जीवन अहिरवार निवासी विदिशा का होना बताया। अविनाश को जीवनाधारा अस्पताल विदिशा ले गये, वहां से डॉक्टर साहब ने तुरंत भोपाल रेफर कर दिया था।

### ग्राम बाला बरखेड़ा में गला दबाकर हत्या

**विदिशा।** बैरसिया रोड स्थित खामखेड़ा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बाला बरखेड़ा गांव में 23 वर्षीय हल्के अहिरवार नामक युवक की गला दबाकर हत्या करने की वारदात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्के पुत्र रुगनाथ अहिरवार ने अपने से अधिक उम्र की महिला से मित्रता थी। रात में हल्के ने उसको फोन लगाया तो उसने नहीं उठाया। इसके बाद हल्के उस महिला के घर ही पहुंच गया। पुलिस के अनुसार युवक घर पहुंचा तो महिला ने हल्के की गला दबाकर हत्या कर रात में पुलिस को समर्पण कर दिया।

# जिस जमीन पर हुए लहुलुहान उसे अतिक्रमणकारियों से कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

ग्राम नारायणखेड़ा में दो पक्षों में सरकारी जमीन की जुताई को लेकर हुए विवाद के बाद राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और शासकीय जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। गांव में हुए विवाद में एक पक्ष के 4 लोग घायल हुए थे जिनका लटेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उनका उपचार कराया गया। विवाद के बाद शनिवार को राजस्व विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। नायब तहसीलदार हेमंत अग्रवाल ने बताया कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग ने शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 7 जिसको लेकर दोनो पक्षों में विवाद हुआ था उस शासकीय भूमि सर्वे नंबर 7 एवं 117 कुल रकबा 1.758 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराकर ग्राम पंचायत को सुपुर्द की गई।

# यूटोपिया होटल से सांची तक पहली बार निकली भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु जी की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

27 जून को यूटोपिया होटल में पहली बार शनिवार की शाम 6 बजे महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। महाप्रभु जगन्नाथ, ज्येष्ठ बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ होकर यूटोपिया रिसोर्ट से निकले और सांची नगर का भ्रमण कर वापस यूटोपिया लौटे। सांची नगर में रथ का जगह-जगह स्वागत किया गया और महाप्रभु की आरती हुई।



जहां पर हरिहर मिलन और भजन संध्या के साथ रथयात्रा उत्सव का समापन हुआ। भोपाल के सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित विजय चतुर्वेदी रात्रि 8 बजे से यूटोपिया रिसोर्ट में अपनी भजनों की प्रस्तुति दे कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विख्यात फ़िल्म अभिनेता और सांसद रविकिशन भी रथयात्रा में सम्मलित हुए। पूजा अर्चना आरती के बाद उन्होंने रथ को भी खींचा। यूटोपिया के संचालक सचिन ताम्रकार के अनुसार सांची, कमापार और नौनाखेड़ी ग्राम के श्रद्धालुओं ने रथयात्रा और भजन संध्या में सम्मलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### आईटीआई कॉलेज विदिशा में गुरारिया हवेली रोड पर संचालित दिव्यांग छात्रावास में प्रवेश प्रारंभ

**विदिशा।** दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क छात्रावास में प्रवेश प्रारंभ

विदिशा। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निःशुल्क छात्रावास में प्रवेश दिया जा रहा है। जहां पर दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह जीवन निर्वाह करना सिखाया जाएगा। छात्रावास में रहने से लेकर भोजन की व्यवस्था रहेगी और विशेष शिक्षकों के द्वारा उचित शिक्षा एवं थैरेपी दी जाएगी। छात्रावास में प्रतिमाह चेकअप भी किया जाएगा। यह छात्रावास विदिशा के शहर से लगे हुए कालापाठा स्थित गुरारिया हवेली रोड पर आईटीआई कॉलेज के पास है। छात्रावास में प्रवेश के लिए कालापाठा स्थित छात्रावास सहित मोबाइल नंबर 7987546371 और 8871239106 पर संपर्क किया जा सकता है।

# गंजबासौदा के बस स्टैंड पर चाकूओं से हमला करने वाले तीन आरोपियों को 7 वर्ष के कारावास की सजा

### यह फैसला विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) जिला विदिशा की अदालत से हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रगंजबासौदा में बरेठ रोड बसस्टेंड के पास 22 दिसंबर 2017 की शाम को महेंद्र चिड़ार पर चाकूओं से हमला करने वाले आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तू दांगी बेदनखेड़ी और गोलू उर्फ अंकित डेरिया निवासी हनुमान चौक और राम उर्फ रामकिशन दांगी निवासी बागरोद अशोकनगर को 7 वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर ने बताया कि यह महत्वपूर्ण फैसला विशेष न्यायाधीश (एस.सी/एस.टी. एक्ट) जी.सी. शर्मा जिला विदिशा की अदालत ने 27 जून 2025 को सुनाया है। श्री तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियोजन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर एवं साकेत गोयल द्वारा की गई। प्रकरण की विवेचना एसडीओपी सारिका जैन एवं निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी द्वारा की गई। यह घटना 22 दिसंबर 2017 को अभियोगी महेन्द्र चिड़ार अपने साथी राजू नाम के लड़के के साथ उसकी मोटरसाईकिल से बरेठ पैसा जमा करने के लिए गया था। इसके बाद वह गंजबासौदा वापस आ गया। शाम करीब 7 बजे राजू गंजबासौदा में बरेठ रोड से सामान ले रहा था। इसी दौरान अभियुक्तगण जितेन्द्र सिंह उर्फ जित्तू दांगी, रामदांगी, गोलू डेरिया फरियादी के पास आये और पुरानी रंजिश पर से जान से मारने की नियत से उसके पीछे दौड़े। अभियुक्तगण ने उसका पीछा कर नया बसस्टेण्ड के पास घोड़ा चौक पर उसे पकड़ लिया और उसे छुरी (चाकू) से मारना शुरू कर दिया। अभियुक्तगण ने उसे जान से मारने की नियत से चाकू से 4 प्रहार किये, जिससे वह बेहोश हो गया। घायल को गंजबौदा अस्पताल से हमीदिया अस्पताल भोपाल रैफर किया गया था। आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने सहित एस.सी.एस.टी. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था।

---

### जगन्नाथपुरी मानोरा में श्रद्धालुओं को दर्शन देकर वापस पहुंचे मंदिर

# रथयात्राओं से विदिशा नगर हुआ जगन्नाथमय, मानोरा में जगदीश स्वामी अपने धाम जनकपुरी से मंदिर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/ग्यारसपुर

27 जून को विशाल रथ यात्रा के साथ भगवान जगदीश स्वामी शनिवार को शाम पांच से छह बजे के बीच जनकपुरी से अपने धाम मानोरा लौटे। लाखों श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा में भाग लेकर भगवान के दर्शन किए। रथ को खींचने का सौभाग्य भक्तों ने प्राप्त किया। विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। रथ यात्रा के दौरान जगह-जगह समाजसेवियों ने लंगर एवं पानी की व्यवस्था की। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जहां पुलिस बल एवं सीसीटीवी कैमरों की सहायता से भीड़ पर नजर रखी गई। भीड़ के दौरान कुछ घटनाएं जैसे पर्स और मंगलसूत्र चोरी की शिकायतें भी सामने आईं। भगवान जगदीश स्वामी का भव्य स्वागत मंदिर परिसर में किया गया। विद्वान पंडितों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालु इस पूरे आयोजन को देखकर भाव-विभोर हो गए और इसे एक अद्भुत धार्मिक अनुभव बताया। रथ यात्रा ने एकता, भक्ति, समर्पण का संदेश दिया क्षेत्र में धार्मिक आस्था का उत्साह बढ़ाया।



**विदिशा।** नगर में भक्तिवेदांत गुरुकुल रथयात्रा में नाचते भक्तगण।



**विदिशा।** रथयात्रा में शामिल भगवान का विग्रह।

# हाईवे पर बागड़ को सुधार रहे दो मजदूरों को कार ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रखरी में बागड़ सुधार रहे दो मजदूरों को कार ने कुचला, दोनों की मौत

विदिशा। विदिशा-सागर नेशनल हाईवे पर ग्राम खरी में बागड़ सुधार रहे दो मजदूरों को अंधगति से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर मजदूरों को कुचल दिया।


गांव के लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो 45 वर्षीय मोहन की मौके पर मौत हो चुकी थी और 40 वर्षीय हल्के प्रजापति गंभीर रूप से घायल थे। लेकिन विदिशा लाते समय रास्ते में हल्के की भी मौत हो गई।

यह हादसा शनिवार की सुबह नेशनल हाईवे 146 पर स्थित ग्राम खरी में सुबह 10 के आसपास हुआ है। विदिशा से ग्यारसपुर पर तरफ जा रही एक कार ने दोनों मजूदरों को टक्कर मारी, जो सड़क किनारे खेत की बागड़ ठीक कर रहे थे। इस हादसे में खरी गांव के रहने वाले 45 वर्षीय मोहन पुत्र भुवंथी लाल की मौके पर ही मौत हो गई जिनको मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां पर डॉक्टर ने जांच कर मोहन मालवीय को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार को ग्यारसपुर पुलिस ने पकड़ लिया है। इसी हादसे में गांव के रहने वाले 40 वर्षीय हल्के प्रजापति गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिनको इलाज के लिए विदिशा लाया जा रहा था।

अस्पताल लाने के पहले ही मिर्जापुर के पास हल्के की मौत हो गई। जिनका पीएम जिला अस्पताल में हुआ। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये।

## खबर संक्षेप

### ई-अटेंडेंस सभी विभागों में लागू हो



**गंज बासौदा।** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने केवल शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस लागू करने को अन्यायपूर्ण बताया। संघ ने कहा कि इससे समाज में यह संदेश जाता है कि शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाह हैं। संघ के प्रदेश महासचिव राजेश एलिया ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि सरकार को अधिकार है कि वह ई-अटेंडेंस लागू करे, पर यह व्यवस्था सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों पर एक साथ लागू होनी चाहिए। संघ ने चेताया कि जब तक यह योजना केवल शिक्षकों के लिए है, तब तक शिक्षक इसमें शामिल नहीं होंगे। संघ ने इसे गुरु परंपरा को खंडित करने वाला कदम बताया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि हाल ही में 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूलों के अच्छे प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की तारीफ की थी। कुछ ही दिन बाद केवल शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस लागू करना उनकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि सरकार को गुरु के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी कदम से बचना चाहिए। जगदीश यादव ने शिक्षा मंत्री को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शिक्षक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्हें ई-अटेंडेंस से आपत्ति नहीं है, पर यह योजना केवल उनके लिए लागू की गई तो वे सहभागी नहीं होंगे। यदि सरकार इसे सभी विभागों में एक साथ लागू करती है तो शिक्षक इसमें पूरा सहयोग देंगे।

### दंडवत परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु का किया स्वागत



**गंजबासौदा।** विदिशा से केदारनाथ एवं केदारनाथ से अमरनाथ तक दंडवत परिक्रमा कर रहे अभिषेक सनातनी को शनिवार को 43 दिन हो गए हैं। विदिशा से यह यात्रा प्रारंभ की थी। इस यात्रा को पूर्ण होने में लगभग 3 से 4 साल लग जाएंगे। यह यात्रा कर रहे अभिषेक सनातीय की मांग है की गौमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिलना चाहिए। शनिवार को उनकी यात्रा ग्राम रोजरु पहुंच गई जहां हनुमान मंदिर पर विश्राम किया। सुबह फिर अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर ग्राम रोजरु में धूमधाम से अभिषेक सनातनी का ढोल ढमाकों, फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोजरु, बीलाढाना सहित आसपास के ग्रामों के ग्रामीण अभिषेक से मिलने पहुंचे।

# विधायक, नपाध्यक्ष और पार्षदों ने दिव्यांगजनों को बांटे जीवन सहायता उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






भारत सरकार द्वारा निशक्त एवं दिव्यांग जनों के लिए कई योजना चलाई जा रही है जिनमें से एडिप योजना सबसे प्रमुख योजना है। इस योजना में निशक्त एवं दिव्यांग जनों का परीक्षण कर उन्हें जरूरत के हिसाब से जीवन सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। उक्त बात शनिवार को नगर पालिका परिषद में दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर के दौरान अपने उद्बोधन में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कही। नपा में आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण शिविर में 117 लोगों ने अपना पंजीयन कराया था। जिन्हें 117 जीवन सहायक उपकरण जैसे मोटराइज्ड ट्राइसिकल, छड़ी , व्हीलचेयर, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टीक एवं ट्राइसिकल आदि वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि हमारी सरकार सर्वहारा वर्ग के कल्याण में लगी हुई है। इन योजनाओं के माध्यम से गरीब, असहाय, निशक्त, दिव्यांग जनों को जीवन सहायक उपकरण व अन्य वस्तुएं मिलती हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि एडिप योजना दिव्यांग एवं निशक्त जनों को जीवन जीने में काफी मददगार साबित होती है। केंद्र और प्रदेश में बैठी डबल इंजन की सरकार सभी के हितों और जरूरत का विशेष ध्यान रखती है। जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव कई योजनाओं के जरिए उनका सीधा लाभ जनता तक पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में सभी निशक्त एवं दिव्यांगजनों को जीवन सहायक उपकरण प्रदान करने के बाद उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पार्षद सौदान सिंह यादव, नीलू चौबे, संजय भावसार, संतोषी मीणा, अंशलेखा भावसार, नारायण सोनी, शुभम रघुवंशी, सरदार अहिरवार, मनीष विश्वकर्मा, दौलत राम खटीक, नपा सीएमओ रवि श्रीवास्तव, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मोनिका भार्गव, सुशील कुमार रिछारिया, जितेंद्र अरोरा, धर्मेंद्र जैन , नरेंद्र चौहान ,अमित शर्मा , सुनीता जैन, रमाकांत श्रीवास्तव, दिनेश साध्य, शुभम शर्मा, तपस्या शर्मा मौजूद थे।

### शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में जच्चा, बच्चा और भर्ती मरीज हुए परेशान

# सरकारी अस्पताल में रात्रि में लाइट जाने के 35 मिनट बाद चालू हो पाया जरनेटर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हमेशा अव्यवस्थाओं के चलते चर्चाओं में रहने वाले नगर के शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में गत रात्रि के समय बिजली के अभाव में अस्पताल में भर्ती मरीजों को देर तक अंधेरे और गर्मी के कारण परेशान होना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार, शनिवार की दरम्यानी रात्रि के लगभग 12:30 बजे के बिजली गुल हो गई। शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय के जनरेटर में डीजल नहीं होने के कारण एक बजकर 8 मिनिट तक अस्पताल में अंधेरा पसरा रहा। अंधेरे के चलते अस्पताल में भर्ती मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्वाधिक परेशानी का सामना अस्पताल में भर्ती नवजात शिशुओं को हुई। जनचिकित्सालय का जनरेटर लगभग 1 बजकर 8 मिनिट पर चालू हो पाया। सोचने वाली बात यह है कि इतने बड़े अस्पताल में जरनेटर के लिए डीजल का स्टॉक होना जरुरी है। लेकिन किसकी लापरवाही से देर तक जरनेटर चालू नहीं हो सका। अगर डीजल का स्टॉक था तो इतनी देरी से जरनेटर में डीजल क्यों डाला गया। जिसके कारण लगभग 35 मिनट पूरे अस्पताल में अंधेरा पसरा रहा। इस बीच मरीज को लेकर 108 एम्बूलेंस भी अस्पताल में आई, अंधेरे के बीच ही मरीज को मोबाइल की टार्च के सहारे 108 एम्बूलेंस से उतारकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया। बिजली गुल होने के बाद देर तक अस्पताल में अंधेरा पसरे होने का कारण मरीजों को समझ में नहीं आ रहा। इसमें अस्पताल प्रबंधन की बड़ी इलापरवाही सामने आई है। यह पहला ऐसा मामला नहीं है की लाइट जाने पर तुरंत जनरेटर चालू कर दिया जाए। खासतौर पर रात्रि के समय में 15 से 20 मिनट तक तो बिजली आने का इंतजार करना ही पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जब ज्यादा समय के लिए बिजली गुल होती है तक कर्मचारी जनरेटर चालू करते हैं। यदि किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घट जाती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा यह सोचने वाली बात है।

**इनका कहना है...**

*बिजली गुल होने के संबंध में मुझे स्टॉफ एवं कर्मचारियों द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई। मुझे आपके द्वारा यह जानकारी प्राप्त होती है। डीजल का स्टॉक तो रहता है लेकिन जरनेटर क्यों चालू नहीं किया। इसकी जानकारी लेता हूं।*

*डॉ. प्रवेन्द्र तिवारी*
*शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय प्रभारी गंजबासौदा*

## स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय ले सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2025-26 में स्नातकोतर कक्षाओं में विद्यार्थियों को मेजर एवं माइनर विषय के विषय के अतिरिक्त अन्य विषय से प्रवेश लेने के संबंध में दिशा- निर्देश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत छात्र, छात्राएं विभिन्न चरणों से गुजर कर सीट प्राप्त कर सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजर एवं माइनर विषय के विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी उच्च शिक्षा विभाग के ई प्रवेश पोर्टल पर 30 जून 2025 तक आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय व्दारा विषयवार साक्षात्कार आयोजित कर पात्रता निर्धारित की जाएगी। जिसमें विद्यार्थी का आवेदन पत्र चयनित विश्वविद्यालय हेतु एडमिट कार्ड के रूप में मान्य किया जाएगा, विद्यार्थी का एप्लीकेशन आईडी ही उनका रोल नम्बर निर्धारित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के लॉगिन पर विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध होगी तथा विद्यार्थियों को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा सभी विषयों के लिये विषयवार साक्षात्कार की तिथि दी जाएगी। विद्यार्थियों को साक्षात्कार की सूचना (तिथि, समय, स्थान) पात्रता के निर्धारण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विषयवार साक्षात्कार आयोजन, विश्वविद्यालय पात्रता प्रमाण पत्र जारी किये जाने की अवधि दी जाएगी। परीक्षा परिणाम उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर अपलोड करना होगा। ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सीटों का आवंटन 12 जुलाई 2025 तक किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहें एवं इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें ।

## विधायक ने तवक्कलपुर पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की जनसमस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा धरती आवा जनजातीय अभियान के तहत शनिवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम तवक्क्लपुर विभागों के शासकीय अधिकारियों के साथ पहुंचकर ग्रामवासियों की जनसमस्याओं को सुना और मौके पर निराकरण के प्रयास किए। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्रामवासियों से प्रधानमंत्री आवास, पीएम अन्नश्री योजना एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा की एवं सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजना से बंचित न हो। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह रघुवंशी, सिरनोटा मंडल अध्यक्ष नीलेश मीणा, तरवर सिंह रघुवंशी, काँचरोद सरपंच रमेश रघुवंशी, फूलसिंह यादव मौजूद थे।

**दो दिन से हो रही हल्की बारिश**

**गंजबासौदा।** विगत दो दिन से नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है। कुछ देर हल्की बारिश होने के बाद मौसम साफ हो गया और हल्की धूप निकल गई। जिसके कारण जो किसान खरीफ फसल बोवनी करने से वंचित रह गए थे, उन्होंने बोवनी कार्य पूर्ण किया। इस बार इलाके किसान सोयाबीन, उड़द की ज्यादा बुआई कर रहे हैं जबकि धान की बुआई कम कर रहे हैं।

## ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स एसोसिएशन ने किया रथ यात्रा में प्रसादी का वितरण

**गंजबासौदा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्य प्रदेश द्वारा भगवान जगदीश की रथ यात्रा का मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सुधीर दुबे एवं समस्त पेंशनर्स द्वारा पूजा अर्चना की गई। साथ में संत महात्माओं का हर मालाओं से स्वागत किया गया। जिसमें सैकड़ो पेंशनर्स द्वारा स्वागत समारोह में भाग लेकर श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जगदीप सिंह राजपूत, कैलाश नामदेव, राजकुमार पाराशर, रमेश यादव, सतीश पाराशर, मुकेश कंचन, गोविंद श्रीवास्तव, रवि लोहिया आदि पेंशनर्स मौजूद थे।



## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश उत्सव मना

**गंजबासौदा।** शनिवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 1 में प्रवेशित नवीन छात्र, छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की पालक सदस्य ममता सोनी तथा विद्यालय की प्राचार्या सुमन सिंह के साथ वरिष्ठ शिक्षक विजेंद्र सिंह राठौर उपस्थित रहे। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या सुमन सिंह ने बच्चों को उपहार और बिस्किट प्रदान कर उनका विद्यालय में स्वागत किया तथा ममता सोनी ने बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। प्रवेश उत्सव में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों द्वारा स्वागत गीत और स्वागत नृत्य का आयोजन भी किया गया। प्रवेश उत्सव के मौके पर कक्षा 1 के बच्चों के पालकों द्वारा विद्यालय में पौधरोपण भी किया गया।




### आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया कर रहे कथा का वाचन

# भैरव कथा के सुनाए विभिन्न प्रसंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेलवे लाइन के उस पर हरदूखेड़ी शांति सेवा सदन कॉलोनी में हो रही भैरव कथा के द्वितीय दिवस पर कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा भगवान विष्णु ने ब्रह्माजी से पूछा कि इस ब्रह्माण्ड का श्रेष्ठतम रचनाकार कौन है? इस सवाल के जवाब में ब्रह्माजी ने स्वयं को सबसे श्रेष्ठ बताया। ब्रह्माजी का उत्तर सुनने के बाद भगवान विष्णु उनके शब्दों में समाहित अहंकार और अति आत्मविश्वास से क्रोधित हो गए और दोनों मिलकर चारों वेदों के पास अपने सवाल का उत्तर करने के लिए गए। सबसे पहले वे ऋग्वेद के पास पहुंचे। ऋग्वेद ने जब उनका जवाब सुना तो कहा "शिव ही सबसे श्रेष्ठ हैं, वो सर्वशक्तिमान हैं और सभी जीव-जंतु उन्हीं में समाहित हैं। जब ये सवाल यजुर्वेद से पूछा गया तो उन्होंने उत्तर दिया "यज्ञों के द्वारा हम जिसे पूजते हैं, वही सबसे श्रेष्ठ है और वो शिव के अलावा और कोई नहीं हो सकता।

ब्रह्माजी का अहंकार शांत नहीं हुआ और वे उनके जवाबों पर जोर-जोर से हंसने लगे। इतने में ही वहां दिव्य प्रकाश के रूप में महादेव आ पहुंचे। शिव को देखकर ब्रह्मा का पांचवां सिर क्रोध की अग्नि में जलने लगा। उसी वक्त भगवान शिव ने अपने अवतार की रचना की और उसे 'काल' नाम देकर कहा कि ये काल यानि मृत्यु का राजा है। वह काल या मृत्यु का राजा कोई और नहीं शिव का अवतार भैरव था। ब्रह्मा के क्रोध से जलते सिर को भैरव ने उनके धड़ से अलग कर दिया। इस पर भगवान शिव ने भैरव से सभी तीर्थस्थानों पर जाने के लिए कहा ताकि उन्हें ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति मिल सके। भैरव के हाथ से ब्रह्मा का सिर गिर गया।

काशी में जिस स्थान पर ब्रह्मा का कटा सिर गिरा था उसे कपाल मोचन तीर्थ कहा जाता है। उस दिन से लेकर अब तक काल भैरव स्थायी रूप से काशी में ही निवास करते हैं। ऐसा माना जाता है जो भी व्यक्ति काशी यात्रा के लिए जाता है या वहां रहता है उसे कपाल मोचन तीर्थ अवश्य जाना चाहिए। यह कथा से हमें यह जानने को मिलता हैं किसी को भी अभिमान नहीं करना चाहिए। कथा में उपस्थित मुख्य यजमान श्रद्धा लीलाधर, नीमा रैकवार, पिंकी, ऊषा, सरिता, वंदना, महाकाली मंदिर के बबलू भैया, सोनू विश्वकर्मा ,मुन्ना, कंछेदी, कैलाश, भूरा, संतोष ,कृष्णा रैकवार सहित श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# जगन्नाथपुरी धरती का बैकुंठ है: महंत राममनोहर दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



महाप्रभु जगन्नाथ की लीला स्थल जगन्नाथपुरी को पुराणों में धरती का बैकुंठ कहा गया है जो कि भगवान विष्णु के चार धामों में से एक है। इसे श्रीक्षेत्र, श्रीपुरुषोत्तम क्षेत्र, शाक क्षेत्र, नीलांचल, नीलगिरि और श्री जगन्नाथपुरी भी कहते हैं। यहां लक्ष्मीपति विष्णु ने तरह-तरह की लीलाएं की थीं। ब्रह्म और स्कंद पुराण के अनुसार यहां भगवान विष्णु पुरुषोत्तम नीलमाधव के रूप में अवतरित हुए और सबर जनजाति के परम पूज्य देवता बन गए।

उक्त उद्गार स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही भगवान महाप्रभु जगन्नाथ की लीला कथा का वर्णन करते हुए नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने व्यक्त किए। कथा प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित हो रही है। रविवार को ब्राह्मण दल द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। ज्ञात हो कि रथ यात्रा के पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र जी के साथ स्टेशन रोड़ स्थित अपनी मौसी के घर नौलखी मंदिर में विराजमान हैं। महाप्रभु की सेवा में भक्तों द्वारा प्रतिदिन व्यंजनों का भोग अर्पित किया जा रहा है। शनिवार को महाप्रभु जगन्नाथ भगवान को सुबह भक्तों द्वारा बालभोग में पोहा और जलेबी का भोग लगाया गया। नौलखी मंदिर में आयोजित हो रही भगवान जगन्नाथ की लीला कथा के प्रथम दिन जगन्नाथ पुरी क्षेत्र के महत्व से जुड़ी लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि पुरी का श्रीजगन्नाथ मंदिर चार धामों में से एक है। जगन्नाथ रथ यात्रा सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि मोक्ष की ओर ले जाने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। इस यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों के दर्शन हेतु मंदिर से बाहर निकलते हैं। मान्यता है कि रथ यात्रा में शामिल होकर या दर्शन मात्र से व्यक्ति के सभी पापों का नाश हो जाता है। भगवान जगन्नाथ के दर्शन आरती करने के साथ भोग लगाने से समस्त पापों का नाश हो जाता है।

### देश और विदेश सहित प्रदेशभर के कोने-कोने से नेमिनाथ गिरनार पहुंचेंगे लाखों जैन श्रद्धालु

# भगवान नेमिनाथ जी के मोक्ष कल्याण पर श्रावक-श्राविका करेंगे पूजा-अर्चना

## गिरनार पहाड़ की 5वीं टोंक पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिन शासन एकता संघ व राज्यसभा सांसद ने लिखे पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

जैन समाज का आस्था का केन्द्र गिरनार जी पर 2 जुलाई को भगवान नेमिनाथ जी के मोक्ष कल्याण पर निर्वाण लाडू एंव पूजा अर्चना के लिए विदिशा जिले की तहसील सिरोंज सहित प्रदेश भर लगभग 15 हजार श्रद्धालु पहुचेगें। तो वही आयोजन तैयारियो के लिए पिछले तीन माह से जिन शासन एकता संघ एंव जैन समाज के सहयोग से रैलिया,बैठको का आयोजन हो रहा है। तो वही देश भर व अन्य देशो से बडी संख्या में जैन श्रद्धालुओं की आने की संभवना है।

### जिनशासन एकता संघ ने महामहिम राष्ट्रपति को लिखा पत्र

राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के संघ नायक अध्यक्ष राकेश जैन गोहिल ने महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखते हुए कहा कि उच्च न्यायालय गुजरात,स्पेशल सिविल एप्लीकेशन नम्बर 6426 वर्ष 2004, आदेश माननीय जस्टिस जयंत पटेल. जे. दिनांक 17 फरवरी 2005 में प्रदत्त आदेश-निर्देश गिरनार पहाड़ की पांचवी टोंक के संबंध में, जैन और पर्यटक यात्री अपनी आम्नाय अनुसार धार्मिक क्रियाएं कर सकेंगे। इसका पालन कराने का निर्देश दिया गया था। जिसमें कलेक्टर, एस.पी. जूनागढ़ व विश्व जैन संगठन द्वारा आयोजित दिल्ली से जूनागढ़-गिरनार तक धार्मिक राष्ट्रीय पदयात्रा के पालन कराने के संबंध में उसकी प्रतिलिपि प्रेषित की गई थी।

### 2 जुलाई को भगवान नेमिनाथ पहुंचेंगे लाखों जैन श्रद्धालु

वही उन्होने कहा कि बुधवार 2 जुलाई 2025 के दिन जैन पदयात्रा में महिलाएं, बच्चे सहित गिरनार पहाड़ की दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी टोंक में धार्मिक मान्यता अनुसार अपनी धार्मिक क्रियाए करने के लिए पहुंचेंगे। इस दिन भगवान नेमिनाथ जी का निर्वाण दिवस का अवसर है। उच्च

**प्रशासन ने जैन श्रद्धालुओं को नहीं दी निर्वाण लाडू चढ़ाने की अनुमति**







न्यायालय के आदेश व निर्देश अनुसार जैन पदयात्रियों के साथ पाँचवी टोंक में किसी के भी द्वारा, किसी भी प्रकार की असुविधा, बाधाएं,मारपीट आदि हिंसक घटनाएं पैदा नहीं हो। जिसके लिए पाँचवी टोंक सहित पहाड़ छेत्र में प्रबंध किया जाए। साथ ही जैन यात्रियों के लिए पहाड़ के पूरे मार्ग पर और पांचवी टोंक और उसके बाहर समुचित सुरक्षा - प्रबंध किए जाए।

### पहाड की पांचवी टोंक पर भगवान के प्राचीन चरण चिन्ह

गिरनार पहाड़ की पांचवी टोंक में दिगम्बर जैनधर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी के पाषाण में उत्तकीर्ण प्राचीन चरण-चिह्न है। इसी पांचवी टोंक के पीछे के भाग में नीचे की और पाषाण में उत्तकीर्ण भगवान नेमिनाथ जी की प्राचीन मूर्ति भी है। इस पत्र में प्रदत्त देश के विभिन्न भागों से पहुचने वाले सभी यात्री अपनी धार्मिक भावनाओं के अनुसार क्रियायें कर सके, इस संबंध में आपकी ओर से हर संभव कदम उठाए जावें। विशेष रूप से पांचवी टोंक में उपस्थित रहने वाले व्यक्तियों के द्वारा जैन यात्रियों के साथ मारपीट, डराने-धमकाने और आतंकित करने की घटनाएं होना पाया गया है।

### श्रद्धालुओं के साथ हुई थी मारपीट

उन्होने कहा कि 24 मई 2025 के दिन आशीष प्रभाकर डहाले जैन निवासी मालेगांव, जैन मंदिर, वासिम, महाराष्ट्र के साथ गिरनार पहाड़ की पांचवी टोंक में उपस्थित रहने वाले व्यक्ति ने डंडे से सिर पर, पीठ पर और हाथ की हथेली पर भी प्रहार किया गया। यहां न्यायालय के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया। साथ ही धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों का उल्लंघन भी किया गया है।



### *जैन श्रद्धालु नहीं चढ़ा सकेंगे निर्वाण लाडू*

*राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के संघ नायक अध्यक्ष राकेश जैन गोहिल ने कहा कि गिरनार पहाड़ की दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी टोंक में धार्मिक मान्यता अनुसार अपनी धार्मिक क्रियाए करने के लिए पहुंचेंगे। लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा निर्वाण लाडू चढाने की अनुमति नही दी गई है। जिस कारण इस वर्ष जैन श्रद्धालु सिर्फ गिरनार पांचवी टोंक पर दर्शन ही कर पाएगें। वही उन्होने कहा कि प्रशासन द्वारा आयोजित बैठक की सूचना जैन समाज के प्रतिनिधि मण्डल को ऐन मौके पर दी गई। जिसके चलते जैन समाज का प्रतिनिधि मण्डल बैठक में नही पहुच सका। वही बैठक में प्रशासन ने यह निर्णय लिया कि 2 जुलाई को भगवान नेमिनाथ जी के मोक्ष कल्याण पर जैन श्रद्धालु निर्वाण लाडू नही चढा सकेगें।*

### *1 जुलाई को श्री नेमिनाथ गिरनार पहुंचेंगे पदयात्रा*

*आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने जैन श्रद्धालुओ से अपील करते हुए कहा कि विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के सहयोग से राकेश जैन गोहिल,संजय जैन के नेतृत्व में समर्पित तीर्थ भक्तों के साथ तीर्थंकर नेमिनाथ स्वामी की निर्वाण भूमि महापर्वत गिरनार जी के लिए श्री नेमिनाथ गिरनार पदयात्रा लगभग 2200 किलोमीटर निरंतर जारी है। यात्रा की पूर्णता भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याण दिवस 2 जुलाई को गिरनार जी पर्वत पर होगी। धर्म और तीथ र्रक्षा हेतु इस ऐतिहासिक एवं महापुण्यदायी यात्रा में आपकी सहभागिता अविस्मरणीय तथा गौरव का प्रतीक बनेगी। जिसमें आवश्यक रूप से साधर्मि साथियों सहित इस अवसर पर श्री गिरनार जी पधार कर यात्रा में सहभागी बने व तीर्थ वंदना करें। यह अवसर शासन, प्रशासन को माननीय उच्च न्यायालय, गुजरात के आदेश के पालन करवाने के लिए जागृत और बाध्य करने का भी है। उन्होने कहा कि ज्ञापन पत्र आधिकारिक आईडी पर ईमेल पर अथवा रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित पते पर भेजने का अभियान प्रारंभ करें ताकि करोड़ों भक्तों की पुकार से जैनों पर गिरनार जी पर्वत पर होने वाले अत्याचार बंद हों, जैन अपनी पद्धति अनुसार पर्वत की पांचवी टोंक पर दर्शन, पूजा, आराधना कर सकें। संकल्प करिए कि यह भावना लेकर ज्ञापन पत्र स्वयं भेजेंगे व अन्य नेमिनाथ के भक्तों को भेजने हेतु प्रेरित करेंगे। जिससे करोड़ो भक्तों की ओर से ज्ञापन भेजकर सरकार को जिनशासन की शक्ति का परिचय दें।*

### *सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सांसद ने लिखा पत्र*

*2 जुलाई को गिरनार पर्वत पर स्थित भगवान नेमिनाथ जी की निर्वाण स्थली लाडू निर्वाण महोत्सव के दृष्टिगत पांचवीं टॉक के पास समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को पत्र लिखते हुए कहा कि गुजरात प्रांत के जिला जूनागढ़ में स्थित गिरनार पर्वत पर भगवान नेमिनाथ जी की निर्वाण स्थली पांचवी टॉक में होने वाले लाडू महोत्सव में हजारों जैन धर्म मतावलंबी भगवान को लाडू चढ़ाने के लिए पहुंचेंगे। कुछ धर्म-विरोधी अवांछनीय तत्वों द्वारा आयोजन में व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है। जैसा कि वह पूर्व में भी कर चुके हैं, इसलिए आयोजन के दृष्टिगत जैन मतावलंबियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए गिरनार पर्वत पर स्थित पांचवीं टॉक के आसपास समुचित पुलिस व्यवस्था किया जाना आवश्यक है जिससे कोई अनहोनी न हो सके। साथ ही ऐसी व्यवस्था की जाए कि श्रृद्धालु भगवान नेमिनाथ जी के चरण दर्शन एवं पूजा-अर्चना निर्विघ्न कर सकें। जैन मतावलंबी भगवान नेमिनाथ जी को शांति के साथ लाडू अर्पित कर सकें सकें इस हेतु समुचित पुलिस बल की व्यवस्था किये जाने के आदेश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जूनागढ़ को प्रदान किए जाए।*

### *निर्वाण लाडू अर्पण करने की जाए समुचित व्यवस्था*

*वही राज्यसभा सांसद उज्जवल रमन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान की मोक्ष स्थली पांचवी टोंक, गिरनार पर्वत, जूनागढ़ पर उनके मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जो इस वर्ष 2 जुलाई को है,जैन अनुयायियों के सुरक्षित दर्शन पूजन वंदन एवं पांचवी टोंक पर निर्वाण लाडू अर्पण करने हेतु समुचित सुरक्षा व्यवथा कराने की कृपा करें। विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन अपनी 101 दिवसीय पद यात्रा लेकर 1 जुलाई को पहुँच रहे है। साथ ही भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन तथा विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन पुष्पांजलि व राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन मेरठ सहित हजारों की संख्या में जैन अनुयायियों के पहुँचने की संभावना है।*

### शादी करके वापस देवास जा रहा वाहन पलटा, एक की मौत

**लटेरी।** कुरवाई से देवास जा रहे चार पहिया वाहन लटेरी के समीप आरी घाटी पर पलट गया। जिसमें देवास निवासी अल्तमश नामक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना रात करीब 9 बजे की है। स्वीफ्ट डिजायर कार से सभी लोग कुरवाई में शादी कार्यक्रम करके देवास वापस जा रहे थे। इस दुर्घटना में देवास निवासी आवेश पिता नईम खा, तैमूर पिता वसीद, सवीना पति वाजिद खान, मुमताज पति साबिर हुसैन घायल हो गए।

### जिले में अब तक 155.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 155.1 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 196.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 133.4 मि.मी., जैसीनगर में 103.9 मि.मी., राहतगढ़ में 196.0 मि.मी., बीना में 163.2 मि.मी., खुरई में 150.2 मिमी, मालथौन में 173.0 मि.मी., बण्डा में 155.4 मिमी, शाहगढ़ में 156.0 मि.मी, गढ़ाकोटा में 184.4 मि.मी, रहली में 186.0 मिमी, देवरी में 77.9 मिमी तथा केसली में 181.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### फ्रंट लाइन वर्कर के साथ विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** अटल भूजल योजनांतर्गत सागर जिले के विकासखंड सागर में फ्रंट लाइन वर्कर के साथ विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण जन अभियान परिषद के सभागार में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एस एस अहिरवार वरिष्ठ भूजल विद एवम नोडल अधिकारी सागर की अध्यक्षता में किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढाते हुए समस्त वोलेंटियर्स के कार्य की समीक्षा की।



### भगवान जगदीश स्वामी के दर्शनों के लिए लगा श्रद्धालुओं का तांता

**सागर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बिहारी जी मंदिर से प्रारंभ हुई रथ में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी देवी सुभद्रा, बलभद्र, बिराजे थे। जो नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने खुरई में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ जी बलभद्र जी एवं देवी सुभद्रा जी की दिव्य रथ यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान का पूजन अर्चन कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि स्वास्थ्य और सर्वमंगल की कामना की। यात्रा में भगवान जगन्नाथ स्वामी की जगह-जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की। इसके पूर्व बड़ी संख्या में महिला पुरूष बच्चे भगवान का रथ खीचकर आगे-आगे बड़ रहे थे साथ ही साथ युवा टोली श्री जय जगन्नाथ के उदघोष के साथ रथ यात्रा के आगे चल रहे थे। यह यात्रा का आयोजन वर्षों से नगर में इसलिए हो रहा है कि जो श्रद्वालु इस दिन जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा में शामिल नही हो पाते वह नगर में ही यात्रा में सम्मलित होकर पुन्य लाभ अर्जित करते है। यात्रा झंडा चौक, मंगलधाम, शिवाजी चौक, मस्जिद के सामने ललिता शास्त्री, शर्मा वार्ड, परसा चौराहा, होते हुए पुनः बिहारी जी मंदिर में आकर यात्रा का समापन हुआ।



### निर्धनता के कारण कोई न्याय प्राप्त न कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं हैः हाशमी

**सागर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में निःशुल्क विधिक सहायक एवं लोक उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश शहाबुद्दीन हाशमी, मुख्य वक्ता मिथलेश डेहरिया जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा अध्यक्षता डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य ने की। मुख्य वक्ता शहाबुद्दीन हाशमी ने कहा कि विधिक सहायता और लोक उपयोगी सेवायें दोनों ही समाज के हित में महत्वपूर्ण आयाम हैं जहा एक और विधिक सहायता के अंतर्गत उन व्यक्तियों को कानूनी सहायता प्रदान करना है जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण न्याय प्राप्त करने में अस्मर्थ है। वहीं दूसरी ओर लोक उपयोगी सेवायें जैसे बिजली, पानी, परिवहन, बीमा, स्वास्थ्य ओर सेवा आदि समाज के सभी वर्गों के लिए आवश्यक है। इन सभी का उपयोग समाज के हित में न होने पर व्यक्ति विधिक सहायता केन्द्र पर जाकर एक आवेदन के द्वारा न्याय पा सकता है। निर्धनता के कारण कोई न्याय प्राप्त न कर पाये तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है। इसलिये विधिक सेवा सहायता प्राधिकरण बनाया गया है।

### विश्वविद्यालयः शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन क्रिमिनॉलोजी में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनॉलोजी एण्ड फॉरेंसिक साईंस के शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार चौरसिया ने ओ.पी. जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत, हरियाणा में 19 से 22 जून तक आयोजित इन्टर नेशनल सोसायटी फार क्रिमिनॉलोजी, पेरिस, फ्रांस (आईसीएस-एसआईसी) द्वारा वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन क्रिमिनॉलोजी में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की।

उक्त कांफ्रेंस में एक्सप्लोरिंग द डायनामिक्स ऑफ क्राईम, कन्टेंम्परारी, चेलेंजेस एण्ड इनोवेशन इन क्राईम प्रिवेंशन एण्ड क्रिमिनल जस्टिस विषय पर केन्द्रित सायबर क्राईम एण्ड डिजिटल फॉरेंसिक्स विषय पर आयोजित टेक्नीकल सेशन में अध्यक्षता हेतु डॉ. मुकेश कुमार चौरसिया, डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनॉलोजी एण्ड फॉरेंसिक साईंस को आईसीएस-एसआईसी द्वारा सम्मानित किया गया।



चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में डॉ. चौरसिया के मार्गदर्शन में तैयार किये गये पांच शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। शोध पत्रों के प्रस्तुतीकरण में आकृति सोनी नें 'व्हेन द फेमिली इज नो लॉन्गर सेफः अन्डरस्टेडिंग द अन्डरलेंइग काजेज ऑफ पेरेंन्ट मर्डर, डिजिटल एक्सपोजर टू सेक्सयूल कंटेन्टः रिस्क कॉन्सीक्वेंसेज एण्ड प्रिवेन्टिव मेजर विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किये. दिया करनानी एवं ऐश्वर्या कलासिया ने काम्बेटिंग कॉरपोरेट फ्रॉड अंडर द हेडिंग फाईनेंशियल क्राईम एण्ड व्हाईट कलर क्राईम पर, गरिमा करनानी, अवनी विश्वकर्मा ने री-थिंकिंग क्रिमिनॉलोजीः व्हाय वी नीड सांईस, नॉट जस्ट थ्योरी, टू अन्डरस्टेंड क्राईम, खुशी सलूजा, मोही केशर वानी ने केस स्टडीज ऑन सीरियल क्राईम सॉल्विंग विषय पर शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया।

### मुख्यमंत्री के संभावित सागर आगमन को लेकर कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संभावित सागर आगमन को लेकर कलेक्टर संदीप जी आर ने एसपी विकास शाहवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संतश्री रवि शंकर महाराज रावतपुरा सरकार से भेंट की एवं मुख्यमंत्री के सागर आगमन के संबंध में उनसे से चर्चा की।















## खबर संक्षेप

### परिजनों को दिए पन्द्रह पन्द्रह हजार की मदद



**रायसेन।** सिलवानी ब्लॉक के बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया कलां में पिछले दिनों हुए बिजली करंट से हुए दर्दनाक हादसे में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं 4 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज सिलवानी अस्पताल में चल रहा है। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के बाद सिलवानी के कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल शुक्रवार को दोपहर मजदूरों और उनके परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक पटेल ने मृतकों के आश्रितों और घायलों को हरसंभव मदद करने दिया आश्वासन। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल गाँव पहुँच कर लोगों के दुख दर्द जाना और कहा कि हम संकट की घड़ी में आपके साथ हैं। हर संभव जो भी शासन प्रशासन से मदद दिलाई जाएगी।

### त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**सिलवानी।** मोहर्रम सहित अन्य त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओपी अनिल मौर्य, थाना प्रभारी पूनम सविता, नायब तहसीलदार योगेश्वर सिहं भारतीय सहित समिति सदस्य मौजूद रहे। यहां पर 4 दिन तक चलने वाले मोहर्रम पर्व के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त मोहर्रम जुलुस मार्ग की सफाई कराने, रास्ते पर खड़े होने वाले वाहनों व निर्माण सामग्री को हटवाए जाने, मुख्य मार्ग पर लगने वाली मीट की दुकानों को तत्काल हटाने, बिजली व्यवस्था सुदृढ रखे जाने सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल किए जाने का भी भरोसा प्रशासन द्वारा दिलाया गया। बैठक में समिति सदस्य, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### आहार दान से आत्म कल्याण निश्चित



**बरेली।** चैनपुरा रोड शक्ति नगर में नव निर्मित चैत्यालय में पंच कल्याणक महोत्सव का श्रद्धाभाव उत्साह के साथ आयोजन चल रहा है। भगवान आदि कुमार की 6 माह योग साधना के बाद लोक कल्याण के लिए प्रथम बार निकले आदि कुमार की आहार चर्या के संबंध में जैन मुनि अक्षय सागर महाराज ने विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि श्रावक को वर्तमान भव में या आने वाले एक दो भव में मोक्ष प्राप्त हो सकता है। आहार दान से कल्याण - जैन मुनि अक्षय सागर महाराज ने दान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि दान तो बहुत से होते है। मोक्ष की ओर अग्रसर महान आत्मा मुनि राज को शुद्धिपूर्वक नवधा भक्ति से श्रावक एक ग्रास भी आहारदान करता है, उसका आत्मकल्याण निश्चित ही होता है। जीव को किए कर्मों के कारण 84 लाख योनियों में भ्रमण करना पड़ता है। आगे कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें भगवान की वाणी और पंच कल्याणक महामहोत्सव में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिल रहा है। पंच कल्याणक महा महोत्सव में नगर के जैन परिवारों के साथ जिला, प्रदेश और अन्य स्थानों से आए जैन परिवारों की भारी उपस्थिति से कार्यक्रम स्थल पर सुबह से रात्रि तक मेला जैसा दृश्य बना हुआ है।

### आसमान पर छाए बादल पर बरसे नहीं

**रायसेन।** शनिवार को शाम के समय आसमान पर छाए बादल लेकिन बिना बरसे ही चले गए। हालांकि मानसून दस्तक दे चुका है लेकिन वह पूरी तरह से एक्टिव नहीं हो सका है जिससे अभी भी उमस से लोग परेशान हैं।

## व्यवस्थित ट्रैफिक को लेकर पुलिस प्रशासन बना असहाय

# जहां पर दिखाया हाथ वहीं थमे पहिए तीनों सड़कों पर अस्थाई बस स्टैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के तीनों प्रमुख सड़क मार्गों सांची रोड़ के अस्थायी बस स्टैंड, सागर भोपाल तिराहे के बस स्टैंड सहित भोपाल रोड़ पायल टॉकीज मोड़ पर एवं जनसेवा हास्पिटल एवं महामाया चौक के समीप अस्थाई बस स्टैंड बने हुए हैं, जिससे वाहन चालकों सहित राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन स्थानों पर बसें खड़ी होने से सड़क सकरी हो जाती है। यहां की ट्रैफिक व्यवस्था को यातायात पुलिस और प्रशासन भी सुधारने में रुचि नहीं लेते। जिससे आए दिन छुटपुट सड़क दुर्घटना घटित हो रही हैं। अगर जिला व पुलिस प्रशासन ने बेलगाम यातायात व्यवस्था को नहीं सुधारा तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है इसका आखिर जिम्मेदार कौन होगा।

इन अस्थाई बस स्टेंडों पर वास्तव में ट्राफिक पुलिस गंभीरता से ध्यान नहीं देती। यात्रियों के साथ अभद्रता और सीट को लेकर आए दिन कंडक्टर और यात्रियों में बहस होना आम बात है। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। बस चालकों की मनमानी के चलते आए दिन लोकल सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बस चालकों की मनमानी इतनी बढ़ गई है कि सवारियों के साथ मारपीट करने तक पर उतारू हो गए हैं।

ऐसा ही एक मामला विगत दिवस सामने आया था। जब रायसेन के निवासी पंकज शर्मा स्वामी विवेकानंद कॉलेज के सामने से जब सागर से भोपाल जा रही बस में भोपाल जाने के लिए चढ़े तो बस कंडक्टर ने उन्हें यह कहते हुए उतार दिया कि वे उन्हें लेकर नहीं जाएंगे। बस से नीचे उतरने का कहने पर दोनों के बीच बहस हो गई, इस दौरान वह चोटिल भी हुए थे।

घायल शर्मा का आरोप है कि सागर भोपाल बस वाले आए दिन अपनी मनमानी करते हैं। लोकल सवारियों को बैठने नहीं देते, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। भोपाल से भी लोकल सवारियों को नहीं बिठाते, लंबी रूट की बस बस स्टैंड पर नहीं रुकती। उनका आरोप है कि बस चालक शहर के सागर तिराहे, मुखर्जी गेट और स्वामी विवेकानंद कॉलेज के सामने अस्थाई बस स्टॉप पर बसों को खड़ा कर देते हैं, जिससे कई बार सड़क जाम की स्थिति भी बनती है। वहीं जनसेवा अस्पताल के सामने डिवाइडर भी परेशानी का कारण बन रहे हैं।




**बस स्टैंड पर नहीं जाती बसें, यात्री परेशान**

*भोपाल से सागर, छतरपुर, रीवा, पन्ना, जबलपुर जाने एवं आने वाली यात्री बसें बस स्टैंड के अंदर नहीं घुसतीं। इसको लेकर अनेक बार बसों के स्टापेज को लेकर नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन आंदोलन भी किए। बाद में नतीजा सिफर ही निकला।*

### अस्थायी बस स्टैंडों पर एजेंट सक्रिय....

इन अस्थायी बस स्टॉपों पर बसों के एजेंटों की जमकर दादागिरी चलती है। वह कतिपय एजेंट बस ऑपरेटरों से गठजोड़ कर प्रति बसों में सवारियां भी बिठाते हैं। लेकिन पुलिस अधिकारी और ट्रैफिक अधिकारी कोई ध्यान नहीं देते।

### कसा जाएगा शिकंजा

हम यातायात सिटी प्रभारी, आरटीओ और नपा के जिम्मेदारों को ट्रैफिक सिस्टम सुधारने के लिए निर्देशित करेंगे। अस्थाई बस स्टैंडों पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जाएगा।

*कमलेश कुमार खरपुसे, एएसपी*

### प्रवेश द्वार से लेकर बस स्टैंड तक सवारी बैठाने बस चालकों ने बनाए अघोषित स्टॉप, रोज लगता है जाम



प्रायवेट बस चालकों के अघोषित बस स्टॉप और व्यापारियों का अतिक्रमण शहर की सुंदरता पर न केवल दाग लगा रहा है बल्कि यातायात व्यवस्था भी चौपट हो रही है। शहर की यातायात व्यवस्था, सुंदरता और बढ़ते अतिक्रमण की ओर न तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं न ही स्थानीय अधिकारी। यही नहीं प्रशासनिक अफसर हर बार शांति समिति, जिला कार्ययोजना समिति, सड़क सुरक्षा समिति, यातायात समिति की बैठकों में शहर की यातायात व्यवस्था और अतिक्रमण को लेकर गणमान्य नागरिकों से चर्चा करते हैं, निर्णय भी लेते हैं , लेकिन अब तक अमल नहीं किया है। खास बात यह है कि यह प्रकिया वर्षों से चली आ रही है और अफसर आते हैं अपना समय निकालकर निकल जाते हैं। हाल ही में थाना प्रभारी और नपा अध्यक्ष ने शहर के व्यापारियों की बैठक लेकर अतिक्रमण हटाने और भारी वाहनों को बाहर ही माल उतारने पर सहमति बनाई थी, लेकिन अब तक उस पर भी अमल नहीं हो सका है। यही वजह है कि शहर में बस चालक जहां मर्जी होती है वहां बसों को रोक रहे हैं, जिससे न केवल दुर्घटनाओं की आशंका है बल्कि बार बार जाम लग रहा है। एक किमी के दायरे में 4 जगह बनाए अस्थाई बस स्टॉप बस चालकों की मनमर्जी ऐसी कि उन्हें यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बिल्कुल ध्यान नहीं है। जहां मर्जी वहां बसों को रोककर यात्रियों को बिठा रहे हैं और उतार रहे हैं। ऐसे में बीच सड़क पर बसों में यात्रियों को बैठाने, उतारने पर कई बार पीछे से आ रहा वाहन चालक या तो बस में घुस जाता है या यात्रियों को चपेट में लेकर खुद दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। बस मालिकों व चालकों ने शहर के प्रवेश मार्ग से शुरू होने से लेकर बस स्टैण्ड तक 1 किमी के दायरे में 3 से अधिक बस स्टाप बना रखे हैं। ऐसे में नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## प्रदर्शनी में 71 बाल वैज्ञानिकों ने लिया भाग

# इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में 6 बाल वैज्ञानिकों का चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के प्रेसीडेंसी कॉलेज में इंस्पायर अवार्ड विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका समापन शनिवार की शाम किया गया। रायसेन, विदिशा जिले से 71 बाल वैज्ञानिकों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस तरह स्कूली वैज्ञानिकों ने अपने बौद्धिक ज्ञान से तैयार किए मॉडल, बच्चों के बनाए साइंस मॉडलों का परीक्षण वैज्ञानिकों की टीम ने किया। कक्षा 6 से 10वीं तक के 71 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रदर्शनी में रायसेन विदिशा जिले के विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए हैं।

जिला शिक्षा विभाग की ओर से इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत 27 और 28 जून को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को प्रेसिडेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोहिल और जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक, डीपीसी टीके रैकवार ने मॉडल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान शिक्षा, नवाचार एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर डीईओ डीडी रजक ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित नवाचार केवल प्रोजेक्ट तक सीमित न रहे, बल्कि उन्हें जीवन में अपनाकर समाजोपयोगी बनाया जाएं। डीपीसी रैकवार एडीपीसी बागड़ी ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में अपना संघर्ष जारी रख बेहतर मुकाम हासिल किया। समापन समारोह में डॉ भास्कर, जिपं सीईओ अंजू पवन भदोरिया, डीईओ डीडी रजक, एडीपीसी एमआर बागड़ी, मोनिका पटेल एडीओ, कॉलेज संचालक संजय गोहिल शामिल हुए। संचालन अरुण गोयल ने किया। सांची हासे स्कूल के प्राचार्य अनिल दीक्षित ने इंस्पायर अवार्ड विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर सीईओ अंजू भदौरिया ने कहा कि स्कूल में आपकी रुचि के अनुसार टीचर पसंदीदा विषय पढ़ाकर करियर निर्माण करते हैं। इंस्पायर अवार्ड योजना में जो बच्चे जिला राज्य केंद्र स्तर तक वास्तव में सर्वश्रेष्ठ विज्ञान मॉडल बनाकर देश में रायसेन जिले का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने राज्य स्तर पर 6 चयनित बच्चों को बधाई भी दी। विज्ञान मॉडल के चयनित छात्र छात्राओं को ट्राफी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अंत में आभार व्यक्त जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक तुलसीराम रजक, अभिषेक अग्निहोत्री, विवेक माहेश्वरी, अभिभावक, छात्र, छात्राएं उपस्थित हुए।

# लोक सेवा केंद्र पर आधार संबंधी कार्य बंद होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। इसी के साथ अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार अपडेट कराने नये आधार कार्ड बनवाने लोग सक्रिय बने हुए हैं। लोकसेवा केन्द्र पर तकनीकि समस्या के कारण कुछ दिनों से आधार संबंधी कार्य न होने से हितग्राही परेशान हो रहे हैं।

**आधार केन्द्रों पर भीड़ :** पालक अपने बच्चों को स्कूलों में प्रवेश कराने सक्रिय बने हुए हैं। आधार में सुधार और नये आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रमुख स्थान लोकसेवा केन्द्र है। जहॉ प्रतिदिन भारी भीड़ तो लग रही है। परंतु कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। इसी के साथ अन्य स्थानों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पास, महिला बाल विकास केन्द्र, पोस्ट ऑफिस और नपं. कार्यालय प्रांगण में भी आधार कार्ड अपडेट कराने पुरूषों, महिलाओं की प्रतिदिन भीड़ लग रही है। नगर के साथ संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपना आधार अपडेट कराने इन केन्द्रों पर आते है।

**आईडी बंद :** लोक सेवा केन्द्र में आधार कार्ड बनवाने अपडेट कराने में पोर्टल सर्वर डाउन होने के साथ आईडी बंद हो जाने का कारण बताया जा रहा है। तकनीकि खराबी कब दूर होगी इंतजार किया जा रहा है। अन्य आधार केन्द्रों पर भी सर्वर डाउन की समस्या के कारण आधार अपडेशन के कार्यो में बिलंब और लंबा इंतजार भी करना पड रहा है।

## बाइक चालक पीछे से जाकर खड़े ट्रक में घुसा, मौके पर तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

विनायकपुर से बेगमगंज किसी काम से आ रहे बाइक चालक की खड़े ट्रक में पीछे से टकराने के कारण मौके पर हुई मौत।

थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया कि बीती रात करीब 8 बजे देवीसिंह पिता कुंजीलाल 38 वर्ष अपनी बाइक से किसी काम से बेगमगंज आए थे। भोपाल रोड़ पर ग्राम बर्री कला के सामने बंद पड़ी सहारा अस्पताल के सामने एक ट्रक क्रमांक एमएच 40सीएम 6124 खड़ा था। देवी सिंह खड़े ट्रक के पीछे बाइक समेत टकरा गई।

### कलोसिया जिलाध्यक्ष बनीं



**सिलवानी।** सामाजिक कार्यकर्ता आरती कलोसिया को अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की महिला प्रकोष्ठ माता सीता शक्ति वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ती महिला प्रकोष्ठ की कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष शिवानी घारु के द्वारा की गई।

# बेहतर कल के लिए जल सहेजना जरूरी : डॉ. चौधरी

- विधायक, जनप्रतिनिधि सहित नागरिकों ने किया श्रमदान
- मिश्र तालाब को सुंदर बनाने घाट पर लगाए छायादार पौधे
- तीन कचरा वाहनों विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



## जल संरक्षण के लिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक : सविता सेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मिश्र तालाब घाट पर शनिवार को दोपहर नगर पालिका परिषद द्वारा श्रमदान और साफ सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रमदानियों ने मिश्र तालाब में जमा जलकुंभी काई निर्माल्य सामग्री की साफ सफाई कर जमकर पसीना बहाया। इस अवसर पर विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन सहित पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने कहा कि प्रकृति में मिले जल को बचाने संरक्षण करने के लिए हमें मिलजुलकर प्रयास करने होंगे। बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण के लिए मप्र सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार का जल गंगा संरक्षण अभियान मील का पत्थर साबित हो रहा है।



इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, पार्षद भीम बघेल, योगिता राहुल परमार, रवि यादव, दीपक थौरात, कैलाश ठाकुर, रानी तिवारी नपा सीएमओ सुरेखा जाटव, अर्चना शर्मा उपस्थित रहे। डॉ चौधरी जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों की साफ सफाई, कुओं बावड़ियों को रिचार्ज किया है। स्वच्छ सुंदर रायसेन शहर नम्बर वन बने। इसके लिए नपा परिषद भरसक प्रयास भी कर रही है। नागरिकों की सहभागिता भी इसमें बेहद जरूरी है।

पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में धरती पर अधिक से अधिक पौधे रोपे जाए। धरती को हराभरा बनाने में नागरिक जनप्रतिनिधियों कोई कसर ना रखें। रायसेन शहर में भी अब तालाब पार्क अच्छे बनाए गए हैं। रायसेन किले पर एनओसी वनविभाग आरकोलॉजिकल डिपार्टमेंट से आने वाली है। वहीं किले पर पर्यटकों के लिए रोप वे सुविधा की सौगात जल्द मिलने वाली है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना । इस अवसर पर डीईओ डीडी रजक, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव, कोतवाली प्रभारी टीआई शेरा शुल्या, रवि आचार्य, शशिकांत मोहड़े, राजेश राजू कांकर, परमानंद विश्वकर्मा, चंदन लोधी सहित पार्षद योगिता राहुल परमार, वीरेंद्र कैलाश ठाकुर, रवि यादव, भीम सिंह बघेल, दीपक थौरात विशेष रूप से उपस्थित हुए।

**पर्यावरण को बचाने रोपे पौधे :** शहर के बिगड़ते वार्मिंग सिस्टम को सुधारने के उद्देश्य से नपा परिषद द्वारा मिश्र तालाब घाट पर विधायक डॉ चौधरी, नपा सीएमओ सुश्री जाटव, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा द्वारा छायादार पौधे रोपे और हरियाली का संदेश दिया।

## 9 वीं पुण्य तिथि पर सिविल अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित

# स्व. डॉ. शर्मा ने चिकित्सा क्षेत्र में दिया अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

समाजसेवी व चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. उमेश शर्मा की 9 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उनके पुत्र संदीप शर्मा द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह के मुख्य अतिथ्य में सिविल अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा डॉ. शर्मा के चित्र पर मार्यापण कर उनको नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने डॉ. शर्मा द्वारा समाजसेवा व चिकित्सा के क्षेत्र में किए कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि वह एक कुशल चिकित्सक ही नही बल्कि एक संवेदनशील समाजसेवी भी थे। वह हमेशा ही समाजसेवा को सर्वोपरि मानते हुए जीवन पर्यंत जरुरतमंदो की सेवा के लिए तत्पर रहे। उन्होंने कभी भी व्यवसायिक चिकित्सा नहीं की, बल्कि वह कहते थे कि दीन हीन, लाचार, जरुरतमंदों की सेवा की तो भगवान की आराधना हो गई। कार्यक्रम को अनेक वक्ताओं ने भी संबोधित कर डॉ. शर्मा के द्वारा किए कार्यों का स्मरण किया।




### मरीजों को फल बांटे एवं पौधरोपण भी किया

कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि व कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया। साथ ही परिसर में पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर लोगों ने एक पौधा मां के नाम रोपने का सरकार ने जो अभियान चलाया है उसका संकल्प भी लिया। इस मौके पर संजय मस्ताना, रमाकांत शुक्ला, श्याम साहू, विभोर नायक, मुकेश राय, गिरजीश चौरसिया, जयबाबू जैन, लखन चंदेल, पुनीत समैया, मिलन जैन, संदीप शर्मा, प्रदीप कुशवाहा, हेमंत शर्मा, मदन राय, पप्पू सोनी सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# दीवानगंज, अंबाडी और सेमरा पंचायत क्षेत्रों में बढ़ेगा जल स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

अमृत सरोवर बनाने के लिए चिन्हित तालाब जल संरक्षण की दिशा में वरदान साबित होने वाले हैं। इसका फायदा पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को मिलता रहेगा। इन तालाबों को वर्षाजल से सदा नीर बनाने के साथ यहां किनारों पर सीढ़ी और बैठने के लिए बेंच लगाने के अलावा पौधारोपण भी किया जाएगा।

सांची ब्लॉक के दीवानगंज अंबाडी और सेमरा ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बांध बनकर तैयार हो गए हैं। दीवानगंज पंचायत में 11 लाख के लगभग, अंबाडी पंचायत में 8 लाख के लगभग और सेमरा पंचायत में 19 लाख के लगभग से अमृत सरोवर बांध बनकर तैयार हो गए हैं। अब इन बांधो में बरसात का पानी इकट्ठा होने लगेगा। विकास की अंधी दौड़ में कुछ दशकों से तालाबों के लगातार पाटे जाने और इसका दायरा सिकुड़ने से वर्षाजल का संरक्षण नाम मात्र ही हो पा रहा था। मई-जून के महीने में भूगर्भ जल स्तर काफी नीचे चले जाने से किसानों को सिंचाई के साथ लोगों को पेयजल की दिक्कतें हो रही थीं।

